मेरी बिटिया चली है ससुराल श्याम तू संभाल इसको | by Amit Kalra Meetu

मेरी बिटिया चली है ससुराल
श्याम तू संभाल इसको
जैसे पाला है यूँ आगे भी तू पाल
श्याम तू संभाल इसको

बांहो का ये झूला मैंने जिसको झुलाया है
आज ये ही समझा हूँ धन वो पराया है
रखा पलकों में सालों साल
श्याम तू संभाल इसको
मेरी बिटिया चली है ससुराल
श्याम तू संभाल इसको

जिस लाड़ली की करी हर ज़िद पूरी है
आज चली जायेगी ये कैसी मजबूरी है
हाल मेरा तो हुआ है बेहाल
श्याम तू संभाल इसको
मेरी बिटिया चली है ससुराल
श्याम तू संभाल इसको

अपनी कृपा में इसको भी रख लेना तू
मेरी पूजा पाठ का भी फल इसे देना तू
होने देना नहीं बांका एक बाल
श्याम तू संभाल इसको
मेरी बिटिया चली है ससुराल
श्याम तू संभाल इसको

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%9f%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b8%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b2/